रजि०/एण्डी०-४८/२०२४-२०२६
वैधता कलेण्डर वर्ष २०२४-२०२६
पोस्टेज अग्रिम भुगतान

हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग
पाक्षिक मुखपत्र

राष्ट्रभाषा सन्देश

भाग ४४ १५ मार्च-३० मार्च, २०२४; २४ फाल्गुन-९ चैत्र शक १९४५ • प्रधान सम्पादक : कुन्तक मिश्र अंक-१३-१४

प्रयागराज में उमाकान्त मालवीय पर साहित्यिक गोष्ठी

साहित्य के सिंहद्वार पर स्वास्तिक-जैसे उमाकान्त

-अम्बर

प्रयागराज। प्रसिद्ध कवि शिव ओम अम्बर ने उमाकान्त मालवीय को साहित्य के सिंहद्वार पर स्वास्तिक उकेरनेवाला रचनाकार बताया। कहा, ऐसे लोग विरले होते हैं। वह ऐसे नव गीतकार थे, जिन्होंने समय को जीने के साथ ही उस दौर के दंश से खुद को बचाये रखा। दो दिवसीय कहकशाँ साहित्योत्सव के प्रथम दिन उमाकान्त मलवीय से जुड़े संस्मरणों के साथ ही उनके काव्य 'राघव राग' पर भी चर्चा हुई।

महात्मा गाँधी मार्ग स्थित प्रह्लादनाथ प्रेक्षागृह में साहित्य, कला और संगीत को समर्पित दो दिवसीय कहकशाँ साहित्योत्सव की शुरुआत हुई। पहला दिन जाने-माने नवगीतकार उमाकान्त मालवीय पर केन्द्रित रहा। कवि शिव ओम अम्बर का कहना था कि उमाकान्त नवगीत के वर्ण-विधान, प्रतिभा के प्रणम्य प्रतिमान और अक्षर-अक्षर अनुष्ठान थे। उनके हृदय में अमृत का क्षीरसागर था और शब्दों में प्रतिभा के प्रकाश की किरण।

उन्होंने पाँच दशकों में उनके पाँच चुनिन्दा शीर्षकों पर भी बात रखी। कहा, उनकी कविताओं में आयातित संग्राम का चित्रण बखूबी मिलता है। वह घुटन के स्थान पर साहित्य के सिंहद्वार पर स्वास्तिक उकेरनेवाले गीतकार थे। वह उनके गीत की पंक्तियाँ भी दोहराते हैं- खोलो जी बन्द द्वार लक्ष्मी घर आयी हैं....।

इससे पहले कवि **सुधांशु उपाध्याय** ने कहा कि उमाकान्त मालवीय में धैर्य और साधना का अद्‌भुत समन्वय था। वह नवगीतों में अनुवाद तब कर रहे थे, जब नयी कविता का बोलबाला था। पाठ्यक्रमों में नयी कविता और मंचों पर नवगीत का डंका बज रहा था। वह देश के पहले सांस्कृतिक चेतना के कवि थे। उन्होंने हमेशा मनुष्यता का मनुष्य से और सभ्यता-समाज के बीच समन्वय स्थापित किया।

वह हमेशा कहते थे कि जिसे राग की पहचान नहीं है, वह कविता नहीं रच सकता। इनके बाद **प्रो० हेरम्ब चतुर्वेदी** और वरिष्ठ पत्रकार **प्रदीप भटनागर** ने मालवीय की कृति 'राघव राग' पर रोशनी डाली। इस दौरान **प्रो० अनिता गोपेश, प्रो० धनंजय चोपड़ा** और **अजामिल** ने भी संस्मरण साझा किये।

गीत से साहित्योत्सव में उमाकान्त का श्रृंगार

प्रयागराज। 'यादों की वेदी में अब तक कलश स्नेह रस का ढुरता है- तुमको शहर याद करता है, खूब याद है कैसे तुमने उपवन को संस्कार दिया।' युवा कवि **उत्कर्ष अग्निहोत्री** की इस काव्य-पंक्ति ने रविवार को कहकशाँ साहित्योत्सव में गीतकार उमाकान्त मालवीय के व्यक्तित्व का श्रृंगार किया। साहित्योत्सव का दूसरा व अन्तिम दिन इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के सभागार में बीता। वहाँ वरिष्ठ साहित्यकार **ममता कालिया** के सम्बोधन से लेकर पद्मश्री डॉ० सोमा घोष की गजलों ने भी आयोजन को रंगत दी। कवियों ने काव्य-पाठ भी किया।

आयोजन की शुरुआत में ममता कालिया ने कहकशाँ साहित्योत्सव की सराहना की। कहा कि पिछले वर्ष रवीन्द्र कालिया स्मृति आयोजन की शुरुआत कर इस संस्था ने रवि (पति को रवि नाम से ही सम्बोधित करती हैं) को जो सम्मान दिया, उससे साहित्य को एक नया आयाम मिला। कहा कि उमाकान्त मालवीय की रचनाएँ ऐसी हैं, जिनसे समाज की वास्तविकता पता चलती है। **ओम निश्चल** और आयोजक **आनन्द कक्कड़** ने भी इस पहले सत्र में उमाकान्त मालवीय के साहित्य का परिचय कराया।

युवा कहानीकार **कुणाल सिंह** को उनके १३ कहानियों के संग्रह 'अन्य कहानियाँ तथा झूठ' के लिए २०२४ का रवीन्द्र कालिया कथा कथेतर सम्मान और कवि **विनोद श्रीवास्तव** को उमाकान्त मालवीय स्मृति सम्मान दिया गया। साहित्योत्सव के तीसरे सत्र में कवि-सम्मेलन और मुशायरा हुआ, जिसमें **डॉ० शिव ओम अम्बर, ओम निश्चल, राजेश रेड्डी, विनोद श्रीवास्तव, यश मालवीय, भावना तिवारी, शाहिद अंजुम, आलोक अविरल, अंशु मालवीय, शिशिर सोमवंशी और उत्कर्ष अग्निहोत्री**-जैसे कवियों ने अपनी काव्य रचनाएँ प्रस्तुत कीं। **अनिता गोपेश, डॉ० शान्ति चौधरी, डॉ० अभिलाषा चतुर्वेदी, प्रताप सोमवंशी, पल्लवी रंगकर्मी, प्रवेश, शेखर, प्रो० हरेम्ब चतुर्वेदी, अंशु मालवीय** समेत अन्य साहित्य-प्रेमी उपस्थित रहे।

गजलों से सजी शाम : गजल कंसर्ट की शुरुआत डॉ० सोमा घोष ने हमारी अटरिया पे आओ रे साँवरिया देखा देखी तनिक होई जाए.... सुनाकार की। इसके बाद उन्होंने मैं ढूँढ़ रहा हूँ, मेरी वो शमाँ जो वज्म की हर चीज की दीवाना बना दे.... आदि गजलों की धारा बहाई। (दैनिक जागरण से साभार)

• *शेष पृष्ठ चार पर*

• पृष्ठ एक का शेष

प्रयागराज में उमाकान्त मालवीय........

इलाहाबाद शऊर का शहर है

–ममता कालिया

प्रयागराज। कहकशाँ साहित्योत्सव की दूसरी और आखिली शाम रविवार को किसी के लिए खास बन गयी। एक तरफ ठुमरी गायिका पद्मश्री सोमा घोष ने बेगम अख्तर की गजल गायिकी से लेकर ठुमरी तक की यात्रा से साहित्योत्सव को अभिसिक्त किया, तो दूसरी ओर जानी-मानी कथाकार ममता कालिया ने इलाहाबाद को शऊर और मुहब्बतों के शहर के रूप में रेखांकित कर इस समागम को ऊँचाई प्रदान की। शाम करीब चार बजे इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के कन्वेशन सेण्टर में कथाकार **ममता कालिया** और पत्रकार **प्रताप सोमवंशी** ने रवीन्द्र कालिया कथा कथेतर सम्मान कहानी पत्रिका के सम्पादक कुणाल सिंह को प्रदान किया।

ममता कालिया ने कहा, इलाहाबाद सऊर का शहर है। यह नयी पीढ़ी को गढ़ने, रचनेवाला शहर है। यहाँ बेइन्तहा मोहब्बत मिलती है। इसीलिए दिल्ली में रहकर भी उनका दिल इलाहाबाद में ही लगा रहता है। उन्होंने कुणाल सिंह को सम्भावनाशील कथाकार बताया।

उमाकान्त मालवीय कविता सम्मान कानपुर के गीतकार **विनोद श्रीवास्तव** को प्रदान किया गया। इसके बाद शाम को हुए कवि-सम्मेलन में **डॉ० शिव ओम अम्बर, डॉ० ओम निश्चल, राजेश रेड्डी, प्रताप सोमवंशी, विनोद श्रीवास्तव, यश मालवीय, भावना तिवारी, शाहिल अंजुम, आलोक अविरल, अंशु मालवीय, शिशिर सोमवंशी** और **उत्कर्ष अग्निहोत्री** ने काव्यपाठ किया।

अन्त में आनन्द कक्कड़ ने कवियों और अतिथियों के प्रति आभार प्रगट किया। इस मौके पर **प्रदीप भटनागर, प्रो० धनंजय चोपड़ा, प्रो० अनिता गोपेश, प्रो० हेरम्ब चतुर्वेदी, अजामिल** समेत कई साहित्यकार उपस्थित थे। (अमर उजाला से साभार)

संस्कृत ने देश की विविधता को एकता में पिरोया है : राष्ट्रपति

नई दिल्ली : केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षा-समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारतीय संस्कृति के प्रति गौरव की भावना हमारी सांस्कृतिक चेतना का परिचायक है। हमारी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी बातें संस्कृत भाषा में संचित व संरक्षित हैं, इसलिए संस्कृत भाषा में उपलब्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रचार-प्रसार राष्ट्र की सेवा है। संस्कृत के ग्रन्थ विविधता से भरे हैं। इसने देश की विविधता को एकता में पिरोया है।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का दीक्षा-समारोह गुरुवार को यशोभूमि में आयोजित हुआ। समारोह में केन्द्रीय शिक्षामन्त्री व केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि संस्कृत हमारी अस्मिता, सभ्यता व संस्कृति का मूल आधार है। यह कई भाषाओं की जननी है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी संस्कृत भाषा व शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्पष्ट रोडमैप के तहत प्रयास कर रहे हैं। **(दैनिक जागरण से साभार)**

शिक्षा का उद्देश्य राष्ट्र की सेवा होना चाहिए

प्रयागराज। शिक्षा का उद्देश्य राष्ट्र की सेवा होना चाहिए। हर व्यक्ति का फर्ज है कि वह शिक्षित हो। बच्चों के माता-पिता बड़े संघर्षो से शिक्षा दिलाते हैं। हमें एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि हम शिक्षा न तो अपने लिए ले रहे हैं और न ही अपने परिवार के लिए। हम शिक्षा अपने देश के लिए ले रहे हैं।

ये बातें, जिन्दा शहीद एमएस विट्टा ने कहीं। वे रविवार को मोतीलाल नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान (एम एन एन आई टी) के वार्षिकोत्सव कलरव आविष्कार-२०२४ के अवसर पर बोल रहे थे।

उन्होंने आगे कहा कि नरेन्द्र मोदी ने धारा ३७० हटाकर दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दिया है। उन्होंने बताया कि बचपन में ही भारत माता की रक्षा और संघर्षों से मिली आजादी को बनाये रखने का संकल्प ले लिया था। कहा कि भारत माँ के लिए १४ बार गोली और बम का निशाना बना हूँ। लेकिन इरादा नहीं बदला। आज भी उस जख्म की सुगन्ध रातरानी औऱ रजनीगन्धा-जैसी आती है। भारत माँ की सेवा का सबको मौका मिलता है।

माइण्ड रीडर सुहानी शाह ने चिट्ठी के माध्यम से भावी टेक्नोक्रेट्स के मन की बात उजागर कर दी। तो पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। उन्होंने मंच पर चार छात्रों को बुलाया। उनके गले में एक-एक आई कार्ड पहना दिया। हर आई कार्ड का अलग नम्बर था। फिर छात्रों से पास रखे चार लिफाफों में से एक-एक उठाने और खोलने को कहा। जिस छात्र को जिस नम्बर का आई कार्ड मिला था, उसके लिफाफे में वही नम्बर रहा, यह देखकर छात्र चौंक गये। सुहानी ने छात्र-छात्राओं के द्वारा लिखी गयी बातों को भी बिना देखे बता दिया। ये आश्चर्यजनक कारनामे देखकर सभी ने दाँतों तले उँगलियाँ दबा लीं। (दैनिक जागरण से साभार)

कहानियाँ हर जगह मौजूद, बदलता गया है इसका स्वरूप

प्रयागराज। कहानियाँ अब लोगों के दैनिक जीवन से दूर होती जा रही हैं। किस्से-कहानी सुनने, सुनाने का दौर पीछे छूट रहा है। सोमवार को उ.प्र. हिन्दुस्तानी एकेडेमी में आयोजित 'कहानी-दर-कहानी' सन्दर्भ 'कहानी पाठ' और पुस्तक प्रदर्शनी में यही चिन्ता व्यक्त की गयी। इसमें ज्योतिर्मयी और शाम्भवी की लिखी कहानियों पर कथाकारों ने चर्चा की। एकेडेमी के सचिव देवेन्द्रप्रताप सिंह ने पुस्तक प्रदर्शनी को देखा।

सचिव ने कहा कि जब से मानव-जीवन है, तभी से कहानी है। चन्दा मामा की कहानी सब ने सुनी होगी। देखा जाय, तो आदिम काल से कहानी है। कहा कि कहानी हर जगह मौजूद है, समय-समय पर इसका स्वरूप बदलता गया। अध्यक्षता करते हुए **प्रो० अनिता गोपेश** ने कहा कि कहानियाँ अपने समय को रेखांकित करती हैं। आज हमारा समाज विसंगतियों से गुजर रहा है। कथाकार और हिन्दी-विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय की आचार्य **प्रो० अलका पाण्डेय** ने अपनी कहानी 'स्वप्न' का पाठ किया। इसमें उन्होंने पहले तो बेटियों के घर में लालन-पालन और उसके बाद ससुराल चले जाने को भावपूर्ण अन्दाज में प्रस्तुत किया। लेखक और कवयित्री ज्योतिर्मयी ने कहा कि दादी-नानी से सुनी कहानियों से हमने कितना कुछ पाया, स्मृतियों में क्या सँजोया-यह महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने 'गली के मुहाने पर' कहानी का

• शेष पृष्ठ तीन पर

अगर बच जाये जिन्दा जमीर फिर तो कविता लिख...

प्रयागराज। मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एम एन एन आइ टी के वार्षिकोत्सव कलरव में मंगलवार को काव्य-सन्ध्या का आयोजन हुआ। इस अखिल भारतीय काव्य-सन्ध्या में रचनाकारों ने अपनी कविताओं से लोगों को मन्त्रमुग्ध कर दिया। अध्यक्षता करते हुए पद्मश्री **डॉ० सुरेन्द्र दुबे** ने जहाँ तेरा वजूद किस्तों में बिकता है बता रे तू क्यों कविता लिखता है, लिखना तो गरीबों के लिए लिख, महँगाई पे लिख, बेकारों के लिए लिख, अगर बच जाए जिन्दा जमीर फिर तो कविता लिख सुनाकर वाहवाही लूटी।

कवि **डॉ० श्लेष गौतम** ने अपनी कविता तुमे मिलने की कसक रहती है, ख्वाब मिलने के बुन नहीं पाती, रोज जाती, क्लास में लेकिन सर जो कहते हैं उसे सुन नहीं पाती, सुनाकर कॉलेज के दिनों की तस्वीर दिखायी। जबलपुर की **मणिक दुबे** ने 'मुझके सबसे प्यारा कह लो या आँखों का तारा कह लो, इतना तो हक बनता ही है न खुद को आप हमारा कह लो' सुनाकर तालियाँ पायी। कानपुर से आये **सुरेश अवस्थी** ने 'सिक्के तमाम नकली गला में बैठा हूँ, वक्त ठहरा हुआ भी चला के बैठा हूँ' सुनाया, तो मुरादाबाद के राहुल शर्मा ने 'अगर लिखोगे वसीयत अपनी तो जान पाओगे ये हकीकत' तथा मुम्बई के **चन्दन राय** ने 'इस तरह से बदल के मत जाओ, यूँ अचानक निकल के न जाओ...' सुनाकर श्रोताओं को बाँध लिया। **(दैनिक जागरण से साभार)**

जीत लेगा जिन्दगी की जंग वो हर हाल में, जिसे मुस्कुराना आ गया..

प्रयागराज। दारागंज का निराला चौराहा बुधवार हास्य-कवियों की रचनाओं से खिलखिलाता रहा। आयोजन महाकवि निराला एवं आधुनिक कविता के जनक **डॉ० जगदीश गुप्त** को समर्पित रहा। विभिन्न राज्यों से आये सुविख्यात कवियों ने हास्य रस की ऐसी गंगा बहायी कि सुननेवाले हँस-हँसकर लोटपोट हो गये। संयोजक **राजेश निषाद** ने हास्य कवि-सम्मेलन का उद्देश्य बताया। सांसद **केशरी देवी पटेल**, विधायक **हर्षवर्धन वाजपेयी**, विधायक **पीयूष रंजन निषाद**, भाजपा महानगर अध्यक्ष **राजेन्द्र मिश्र**, भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष **अवधेशचन्द्र गुप्त, रईसचन्द शुक्ल** आदि उपस्थित रहे।

लखनऊ से आयी कवयित्री **शशि श्रेया** ने सुनाया–अनुभवों की धुन बनाना गीत गाना आ गया, आँसुओं को नयन के भीतर छिपाना आ गया, जीत लेगा जिन्दगी की जंग वो हर हाल में, जिसको सारे दर्द सहकर मुस्कुराना आ गया। गीतकार **शैलेन्द्र मधुर** ने सुनाया कि सीएए के लागू होते ही विपक्षी लाल, योगी, मोदी, शाह खेल रहे रंग, अबीर-गुलाल। दिल्ली से आये **सुनहरीलाल** ने सुनाया–सब स्वप्न गये टूट फिर चुनाव आ गये–सौभाग्य गये फूट, फिर चुनाव आ गये। बाराबंकी से आये कवि **विकास बौखल** ने पढ़ा कि किसी खंजर से न तलवार से जोड़ा जाये, सारी दुनिया को चलो प्यार से जोड़ा जाये। वाराणसी से आये सुविख्यात कवि **डण्डा बनारसी** ने–मेरे मामा गवइये हैं वो दीपक राग गाते हैं, जिसको सुनके गदही और गदहे भाग जाते हैं, सुनाकर लोगों को खूब हँसाया। रायबरेली से आये कवि **नर कंकाल** ने सुनाया–न सल्फास खाओ न कलाई काटो जब तक मिले खूब मलाई चाटो। संचालन कर रहीं कवयित्री **आभा श्रीवास्तव 'मधुर'** ने सुनाया कि तन में उमंग भरे नैनों में रंग भरे, हाथों में गुलाल लाल लिये मोरे सजना, मैं खिल के हुई कचनार हाय रे रंगीली हो गयी। **अमित जौनपुरी, प्रियंका शुक्ला, विष्णुदयाल श्रीवास्तव** ने भी रचनाएँ पढ़ीं। **नीरज द्विवेदी, भारत निषाद, सुभाषचन्द्र वैद्य, शिवमनोरथ शुक्ल, राजू श्रीवास्तव, बच्चा पाठक, सोनू निषाद, जयवर्धन त्रिपाठी, सन्तोष चौधरी, सुनील महरा** उपस्थित रहे। **(दैनिक जागरण से साभार)**

भारतीय पद्धति से अनुसन्धान का अभाव

–कृपाशंकर चौबे

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-२०२० शिक्षा के भारतीयकरण पर बल तो देती है, किन्तु इस लक्ष्य की पूर्ति तभी सम्भव है, जब ज्ञान के सभी अनुशासनों में भारतीय पद्धति से अनुसन्धान भी हों। विडम्बना यह है कि भारत में विभिन्न विषयों में अनुसन्धान के लिए अभी भी विदेशी पद्धतियाँ अपनायी जा रही हैं। जबकि भारत में अनुसन्धान अथवा गवेषणा या मीमांसा या शोध की प्राचीन परम्परा और पद्धति रही है। गवेषणा शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग ऋग्वेद में मिलता है। इसका अभिप्राय प्रकाश/ज्ञान की खोज है। अनुसन्धान के मुख्यतः तीन प्रकार हैं–मौलिक, व्यावहारिक या अनुप्रयुक्त और क्रियात्मक अनुसन्धान। इन तीनों प्रकार के अनुसन्धान प्राचीन भारत में हो चुके हैं। भारत के तीन अध्येताओं–डॉ० कपिलकुमार भट्टाचार्य, प्रो० विप्लव लोहो चौधरी और प्रो० रमेश एन० राव ने अपने शोध ग्रन्थ 'नाट्यशास्त्र : ए स्टडी आन कण्टिन्यूटी एण्ड प्रोग्रेस ऑफ इण्डियन कम्युनिकेशन थ्योराइजिंग एण्ड प्रैक्टिस' में वेदों एवं उपनिषदों को मौलिक अनुसन्धान की श्रेणी में, धर्मशास्त्र और नाट्यशास्त्र को अनुप्रयुक्त अनुसन्धान और चरक संहिता एवं सुश्रुत संहिता को क्रियात्मक अनुसन्धान की श्रेणी में रखा है।

ईसा से अलगभग ६०० वर्ष पूर्व कपिल मुनि द्वारा प्रवर्तित सांख्य दर्शन ने तर्कपूर्ण युक्तियुक्त चिन्तन पर बल दिया। वाचस्पति मिश्र ने 'सांख्यतत्त्वकौमुदी' में लिखा कि इस दुनिया में सभी अनुसन्धानों का उद्देश्य मानव जाति की किसी भी अनसुलझी समस्या का समाधान करना है। उनके अनुसार किसी भी अनुसन्धान को तभी सार्थक माना जाना चाहिए, जब वह इन पाँच शर्तों को सन्तोषजनक ढंग से पूरा करता हो। जैसे–कोई स्पष्ट समस्या होनी चाहिए, जिसके लिए वैज्ञानिक जाँच की आवश्यकता हो। वैज्ञानिक जाँच के माध्यम से उस समस्या का समाधान वांछनीय होना चाहिए। वैज्ञानिक जाँच के माध्यम से सम्भावित समाधान प्राप्य प्रतीत होना चाहिए। समाधान के लिए वैज्ञानिक जाँच को आगे बढ़ाने के साधन उपलब्ध होने चाहिए। वाचस्पति मिश्र के अनुसार त्रिविध दुःख (आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधि-दैविक) को दूर करने के उपाय के लिए ही अनुसन्धान होता है। यानी दुःख दूर करने या किसी समस्या का समाधान वैज्ञानिक विधि से खोजना शोधकर्त्ता का उद्देश्य होना चाहिए। इसी तरह अभिनवगुप्त (दसवीं-ग्यारहवीं शताब्दी) ने भी भारत की अनुसन्धान-पद्धति पर प्रकाश डाला। उन्होंने शोध की विधियों का वर्णन इसप्रकार किया है–प्रासंगिक सामग्री पर ध्यान केन्द्रित करना। अनिवार्य सामग्री को चिह्नित करना। आवश्यक स्पष्टीकरण के साथ सामग्री को सार्थकता प्रदान करना। प्रासंगिक सामग्री के भीतर विरोधाभासों को सम्बोधित करना। मूल कार्य की भावना को अक्षुण्ण रखना। वर्तमान कार्य के उद्देश्य के अनुरूप होना। बहुअर्थी शब्दों, वाक्यों पर विचार-विमर्श, दोहराव के सम्बन्ध की व्याख्या करना। वैध समाधान अथवा निष्कर्ष पर पहुँचना और कार्य को अत्यन्त संक्षिप्तता से पूरा करना।

भारत की प्राचीन अनुसन्धान-पद्धति शोधकर्ता में शोध-वृत्ति जाग्रत कर उसे शोध की महत्ता का बोध कराती है। शोधार्थी को सांगोपांग विश्लेषण-विवेचन के माध्यम से सम्यक्

● *शेष पृष्ठ चार पर*

● पृष्ठ तीन का शेष

भारतीय पद्धति से अनुसन्धान..........

अनुशीलन में सक्षम बनाती है। वेदों, उपनिषदों, धर्मसूत्रों, रामायण, महाभारत और अन्य प्राचीन भारतीय ग्रन्थों में पाई जानेवाली अनुसन्धान-पद्धति के अनुसरण में अनुसन्धान को बढ़ावा दिये जाने पर ही ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय विद्या की मौलिकता सिद्ध होती रहेगी। भारतीय विद्या की मौलिकता का एक कारण यह है कि पाश्चात्य चिन्तन गणितमूलक है, जबकि भारतीय चिन्तन की भाषा व्याकरणमूलक है। यह देखना आवश्यक है कि अनुसन्धान के उपरान्त सृजित ज्ञान कितना समाजोपयोगी है। भारत के तमाम विश्वविद्यालयों तथा विद्या-केन्द्रों में निरन्तर शोध हो रहे हैं; लेकिन क्या वे सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं शैक्षणिक उत्थान में योगदान कर रहे हैं। उनसे क्या उन समस्याओं को दूर करने में मदद मिल रही है, जिनसे देश जूझ रहा है; जैसे- गरीबी, बेरोजगारी, ऋण-समस्या से जूझते किसानों की आत्महत्या आदि।

भारत में अनुसन्धान के क्षेत्र में एक और विडम्बना है और वह यह कि भारत के तमाम विद्या-केन्द्रों में अनुसन्धान में सन्दर्भ की भी विदेशी शैलियाँ अपनायी जा रही हैं, जो संख्या में मुख्यत: पाँच हैं—एमएलए (माडर्न लैंग्वेज एसोसिएशन ऑफ अमेरिका), एपीए (अमेरिकन साइकोलोजिकल एसोसिएशन), शिकागो, बैंकूवर और हार्वर्ड। भारत में अनुसन्धान में साधारणतया दो प्रकार की सन्दर्भ-व्यवस्थाएँ अपनायी जाती रही हैं। एक-नोट-व्यवस्था तथा दूसरी-कोष्ठकबद्ध व्यवस्था। नोट-व्यवस्था में टिप्पणी क्रमानुसार दी जाती है। फुट नोट्स किसी विचार-अभिमत की पुष्टि अथवा खण्डन में, यहाँ तक कि स्पष्टीकरण में सहायक होते हैं। नोट-व्यवस्था में शिकागो एवं एमएलए शैलियाँ प्रयोग में लायी जाती हैं। कोष्ठकबद्ध व्यवस्था में आंशिक सन्दर्भ रहता है, जो पाठ के अन्तर्गत कोष्ठक में दिया जाता है। पूरा सन्दर्भ अन्त में दिया जाता है। इस व्यवस्था को हार्वर्ड व्यवस्था अथवा लेखक-दिनांक व्यवस्था भी कहा जाता है। कोष्ठकबद्ध व्यवस्था में एपीए, हार्वर्ड और बैंकूवर सन्दर्भ शैलियाँ प्रयोग में लायी जाती हैं। कहने की जरूरत नहीं कि भारत की अपनी अनुसन्धान-सन्दर्भ शैली विकसित करने की भी बहुत जरूरत है। यदि ऐसा नहीं किया जाता, तो भारत को ज्ञान से सम्पन्न करने और ज्ञान-आधारित राष्ट्र बनाना कठिन होगा। भारत में भारत की ज्ञान-परम्परा स्थापित होनी चाहिए। **(दैनिक जागरण से साभार)**

● पृष्ठ दो का शेष

कहानियाँ हर जगह मौजूद..........

पाठ किया। **शाम्भवी** ने 'सांझा की धूप' का कहानी पाठ किया। संचालन **अनीता यादव** ने किया। एकेडेमी के प्रशासनिक अधिकारी **गोपाल जी पाण्डेय** ने सभी का आभार जताया। **डॉ० उमा शर्मा, लिली श्रीवास्तव, सरस दरबारी, रचना सक्सेना, स्नेह सुधा, उर्वशी उपाध्याय, विवेक सत्यांशु, जयश्री श्रीवास्तव, अभिषेक केसरवानी, रवि, मधुकर मिश्रा** आदि उपस्थित रहे।

भारत की सामासिक संस्कृति और हिन्दी

–डॉ. परमानन्द पांचाल

भाषा, संस्कृति की वाहिका होती है और उसके साहित्य में उसकी संस्कृति की गहरी झलक मिलती है। इसलिए भाषा और संस्कृति का अविच्छेद्य सम्बन्ध होता है। मैडलवान ने ठीक ही लिखा है कि प्रत्येक संस्कृति का सार-तत्त्व उसकी भाषा में अभिव्यक्ति पा सकता है और पाया करता है। भाषा न केवल संस्कृति का अविभाज्य अंग है, अपितु उसकी कुंजी भी है। भाषा के बिना यदि संस्कृति पंगु है, तो संस्कृति के अभाव में भाषा अन्धी। भारतीय संस्कृति विश्व की एक प्राचीनतम संस्कृति है, जिसकी आभा विभिन्न संघर्षों से गुजरने तथा हजारों वर्षों की यात्रा करने के बावजूद धूमिल नहीं हुई है। वह प्रत्येक परिस्थिति, घात-प्रतिघात और उतार-चढ़ाव को झेलते हुए एक रत्न की भाँति आज भी देदीप्यमान है। इसी रहस्यमयी चमत्कार से चकित होकर उर्दू के प्रसिद्ध कवि सर मुहम्मद इकबाल ने कहा था–"कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी, सदियों रहा है दुश्मन दौरे जमाँ हमारा।"

वह कौन-सी बात है, जिसके कारण इसका अस्तित्व और उसकी अस्मिता अक्षुण्ण रही है? भारतीय संस्कृति का मूल मन्त्र उसकी उदारता, सहिष्णुता और समस्त वसुधा को एक कुटुम्ब मानने में है। सत्य की खोज इसका चरम लक्ष्य रहा है। तभी तो कहा गया है कि "एकम् सद् विप्रा बहुधा वदन्ति", अर्थात् एक सत्य को विद्वान् अनेक प्रकार कहते हैं। यही विचारधारा भरतीय संस्कृति का प्राणस्पन्दन रही है। अत: वह विरोधों में समन्वय को और असत् में सत् को ढूँढ़ती रही। भारतीय संस्कृति, गंगा की तरह निरन्तर प्रवाहमान, समुद्र की तरह विशाल और गिरि-शिखरों की भाँति उदात्त है। वह विद्या-अविद्या, श्रेय-प्रेय, अभ्युदय, नि:श्रेयस, सभी को आत्मसात् करती हुई विश्व के कोने-काने को ज्योतिमय करती आ रही है।

अच्छे गुण कहीं से भी मिलें, उन्हें प्राप्त करने की लालसा सदा इसमें रही है। ऋग्वेद का यह आभार सन्देश "आ नो भ्रदा: क्रतवो यन्तु विश्वत:", अर्थात् प्रत्येक दिशा से शुभ एवं सुन्दर विचार हमें प्राप्त हों, यही इसकी गुण-ग्राह्यता का प्रमाण है। हिन्दी इसी सामासिक संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती है।

हिन्दी की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को समझने के लिए सर्वप्रथम हमें इसके मुहावरों और लोकोक्तियों पर ध्यान देना होगा। मुहावरे और लोकोक्तियाँ किसी भी जीवित भाषा के प्राण होते हैं। इनके पीछे उनका सांस्कृतिक इतिहास बोलता है। ये जन-सामान्य की भावनाओं की अभिव्यक्ति का समान रूप से माध्यम होते हैं, किसी वर्ग-विशेष की नहीं। ये मुहावरे और कहावतें ही हमारी सांस्कृतिक एकता की कसौटी हैं। यदि हम हिन्दी भाषा में प्रचलित मुहावरों और लोकोक्तियों पर एक दृष्टि डालें, तो हम देखेंगे कि इनके पीछे जो जातिगत संस्कार छिपे हैं, वे स्वत: भारत की सामासिक संस्कृति की कहानी कहते हैं, जो भारत के किसी विशिष्ट वर्ग, सम्प्रदाय या धार्मिक मान्यताओं के लिए नहीं, वरन् सभी के लिए समान हैं।

हिन्दी के कुछ मुहावरों और लोकोक्तियों को देखिए-मुल्ला की दौड़ मस्जिद तक; गये थे नमाज छुड़ाने, रोज़े गले पड़ गये; मिल गयी रोजी नहीं तो रोजा; खुदा अपने घोड़ों को हलुवा खिलाता है; अब मिया बीबी राजी तो क्या करेगा काजी; मुल्ला की मारी हलाल; सत्तर चूहे खा के बिल्ली हज को चली; तकदीर का सिकन्दर होना; खैरात बँटना; ईद का चाँद होना; खलीफा बनना; नमक हलाल होना; नमक हरामी करना;

● शेष पृष्ठ पाँच पर

● *पृष्ठ चार का शेष*

भारत की सामासिक संस्कृति..............

कब्र में पाँव लटकना; कब्र खोदना; मियाँ के सर; तौबा करना; बाबा आदम के जमाने का; अल्लाह अल्लाह खैर सल्लाह आदि ऐसे न जाने कितने और मुहावरे तथा लोकोक्तियाँ हमारी इस मिलीजुली संस्कृति को वाणी देते हैं।

इन मुहावरों को क्या हिन्दू, क्या मुसलमान सभी बोलते हैं। यही हिन्दी की सामासिक संस्कृति की विरासत है। स्पष्ट है कि इसका जन्म इस्लामी संस्कारों से हुआ और अब ये हिन्दी की थाती बन गये हैं और सभी वर्गों की समान रूप से अभिव्यक्ति का माध्यम हैं। हिन्दी भाषा और साहित्य का समग्र इतिहास हमारी समन्वित संस्कृति का इतिहास है। इसके विकास में आरम्भ से ही विभिन्न मतानुयाइयों और धर्मावलम्बियों का योगदान रहा है। हिन्दी की सेवा हिन्दीतर भाषियों में ही नहीं, विदेशियों ने भी की है। साहित्य की इस गंगा-जमुना धारा के प्रवाह में, माँ सरस्वती के न जाने कितने उपासकों ने अपने श्रद्धा-कलश उड़ेले हैं, न जाने कितने भगीरथ पुत्रों ने इसके लिए कठोर परिश्रम किये हैं और न जाने कितने सन्तों और फकीरों के उपदेशों की यह वाग्धारा रही है। आरम्भिक काल में सिद्धों, जैनियों, नाथों, सन्तों और सूफियों ने इसी भाषा में जनता को सन्देश दिये। यद्यपि इनकी भाषा में हिन्दी का वह प्राचीन रूप मिलता है, जो प्राकृत और अपभ्रंश के समीप है। नाथ सम्प्रदाय के प्रवर्तक गोरखनाथ की यह वाणी– "तुम्बी में तिर लोक स्माया त्रिवेणी रिब चन्दा/बुझो रे ब्रंभ गियानी अनहद नाथ अभंगा।" भी इसी भाषा के माध्यम से जन-सामान्य तक पहुँची थी। सिद्ध साहित्य में कण्हपा की यह उक्ति–

"जिमि लोण विलिज्जई पाणिरगहं,
तिमधरिण लइचित।
समरस जाई तक्खणे,
जई पुणुते समणित।"

(जिस प्रकार पानी में नमक घुल जाता है, उसी प्रकार धरणी से प्रेम में लीन हो जाने पर तत्काल समरस की अवस्था उत्पन्न हो जाती है।)

देश में सांस्कृतिक समन्वय के समय-समय पर जो प्रयास होते रहे, उनमें हिन्दी भाषा का विशेष योगदान रहा है। दक्षिण में जब भक्ति-आन्दोलन का सूत्रपात होता है, तो उसका प्रभाव उत्तर में भी सन्तों की वाणियों में परिलक्षित होता है। हिन्दी-साहित्य का समस्त भक्तिकाल उससे अनुप्राणित है। कबीर ने कहा है–

"भगति द्रविड़ उपजी लाए रामानंद" गुरुनानक, कबीर, तुलसी, सूर, दादू, मीरा सभी ने धार्कि सहिष्णुता, सौहार्द और प्रेम का उपदेश दिया और हिन्दू-मुस्लिम एकता की भावना की वृद्धि में योगदान किया। शैव और वैष्णव जैसे मतों में समन्वय की भावना स्थापित करने में तुलसीदास-जैसे सन्तों ने अथक प्रयास किये। तुलसीदास के राम तो स्पष्ट कहते हैं–

"सिव द्रोही मम भगत कहावा,
सो नर सपनेहुँ मोहि न भावा।"

इतिहास-चक्र के साथ इस्लाम धर्म का प्रवेश भी इस देश में हुआ और मुसलमान ने हिन्दुओं के साथ कन्धे-कन्धा मिलाकर इस देश के विकास में योगदान दिया और हिन्दी, हिन्दुओं या किसी वर्ग विशेष की भाषा नहीं रही। रामधारी सिंह 'दिनकर' के शब्दों में, "हिन्दी-साहित्य केवल हिन्दू कवियों का ही निर्माण नहीं है, उसकी शक्ति और शोभा मुसलमानों ने भी बढ़ायी है। अमीर खुसरो, कबीर, जायसी, रहीम और रसखान, अनीस अहमद और कमाल, ताज और तानसेन, नेवाज और फखरुद्दीन, आलम और शेख तथा मुबारक एवं रसलीन ये सब-के-सब मुसलमान थे। हिन्दी की परम्परा साम्प्रदायिकता की परम्परा नहीं, एकता, उदारता, सामाजिक समानता और वैयक्तिक स्वतन्त्रता की परम्परा है।"

सच, पूछिए तो इस भाषा को यह नाम भी हिन्दुओं ने नहीं दिया। श्री पद्म सिंह शर्मा लिखते हैं कि हिन्दी नाम की सृष्टि हिन्दुओं ने नहीं की और न उन्होंने इसका प्रचार ही किया है। उन्होंने तो सर्वथा इसके लिए 'भाषा' या 'भाखा' शब्द का ही प्रयोग किया है।

भाषा भक्ति घोर मति मेरी।
–तुलसीदास

भाषा के लिए 'हिन्दी' शब्द के नामकरण का सारा श्रेय मुसलमान लेखकों और कवियों को ही जाता है। केशवदास भी इस भाषा में रचना करने में ग्लानि का अनुभव करते हैं–

भाषा बोली न जानही
जिनके कुल के दास,
तिन भाषा कविता करी,
जड़मति केशवदास।

हिन्दी जिस समय अपने प्राकृत और अपभ्रंश-काल से गुजर रही थी, तभी से मुसलमानों ने इसके विकास में अपना योगदान आरम्भ कर दिया था। सन्देशरासक लिखनेवाला अब्दुल रहमान या अद्दहमाण ही थे, जो शाहबुद्दीन गौरी के समय से पहले के कवि हैं। अमीर खुसरो (१२५३-१३२५) ने उल्लेख किया है कि उनसे भी पहले ख्वाजा मसऊद साऊद सुलेमान (११२५ ई. के पास) ने हिन्दी में भी रचनाएँ की थीं।

मुस्लिम साहित्यकारों ने पहले इसे हिन्दुई, हिन्दवी कहा, फिर 'हिन्दी'। आज से लगभग ७०० वर्ष पूर्व इसी हिन्दवी (हिन्दी) भाषा पर रीझकर अमीर खुसरो ने गर्व से कहा था–

चूं मन तूती-हिंदम अर रास्त पुरसी
जे इन हिंदवी पुरम ता नगज़ गोयम।
(किरानुस्सादेन)

(अर्थात् मैं हिन्दुस्तान की तूती हूँ। अगर मुझसे सच पूछते हो, तो हिन्दवी में पूछो, जिसमें मैं कहीं अच्छी बातें बता सकूँ।)

इन्होंने अपनी रचना 'खालिक बारी' में ५५ बार 'हिन्दवी' और १२ बार 'हिन्दी' शब्द का प्रयोग किया है।

हिन्दी शब्द का व्यापक रूप से प्रयोग हमें दक्खिनी हिन्दी के मुस्लिम कवियों में भी मिलता है। बुराहानुद्दीन जानम (१५६० ई.) ने अपने भाषा को 'हिन्दी' ही कहा–

"यह सब बोलू हिन्दी बोल,
पन तू अनु भौ सेती खोल।
ऐब न राखे हिन्दी बोल,
मानो तो चख देख ढंडोल।"

'बहरी' भी अपनी रचना 'मन लगन' में अपनी भाषा को 'हिन्दी' बताता है :

हिन्दी तो जबाँ च है हमारी,
कहने न लग हमन के भारी।

इसप्रकार दक्खिनी के इन कवियों ने जो प्राय: इस्लाम के अनुयायी थे, दक्खिनी हिन्दी में अपनी रचना कर हिन्दी-साहित्य को मालामाल कर दिया। यहाँ यह कहना अप्रासंगिक न होगा कि जिस काल में उत्तर भारत में सूर, तुलसी और मीरा की स्वर-लहरियाँ गूँज रही थीं, उसी समय 'नवरस' और 'सबरस'-जैसी रचनाओं से दक्षिण-पथ का जनमानस भी रसविभोर हो रहा था। कदम राव, पदम राव, कुतुबमुश्तरी, फूलबदन व माहियार और मैना सतवन्ती-जैसे प्रेमाख्यानों से साहित्य के भण्डार को भरा जा रहा था।

सूफी कवि तो भारतीय रंग में रँगे ही थे। सूफियों का तसव्वुफ भारत के अद्वैत से प्रभावित था। ये सूफी ब्रह्म-ज्ञानी, अध्यात्मवादी और सभी धर्मों से प्रेम करनेवाले थे। सूफी इस्लाम के अन्तर्गत रहस्यवादी साधक माने जाते हैं। हिन्दी के सूफी कवियों ने, तसव्वुफ के अनुसार 'प्रेम की पीर' को ही साधना का मूल मन्त्र माना है। भरतीय कथानक में रूढ़ियों (श्रवण-दर्शन, चित्र-दर्शन, स्वप्न-दर्शन, सिंहलद्वीप, पद्मिनी आदि) का प्रयोग कर सूफियों ने ईरानी मसनवी शैली और भारतीय परम्परा का सुन्दर समन्वय प्रस्तुत किया है।

यद्यपि दक्षिण और उत्तर के इन मुस्लिम कवियों ने उस समय अधिकतर फारसी लिपि में ही लिखा, किन्तु उनकी भाषा वही हिन्दी थी, जो नागरी लिपि में लिखी जा रही थी। जब मुसलमानों में शुद्ध भाषा लिखने का आन्दोलन जोर पकड़ने लगा और नूर मुहम्मद-जैसे लेखकों पर हिन्दी में लिखने पर कटाक्ष किया गया, तो उसने उत्तर में कहा–

हिन्दू मग पर पांव न रखेउ,
को जो बहुते भाखेउ,

● *शेष पृष्ठ बारह पर*

सम्मेलन के प्रकाशन

सम्पादित पुस्तकें

* १. हरिश्चन्द्र मैगजीन	संपा० भारतेन्दु हरिश्चन्द्र	२५०.००
२. करुणाभरण नाटक (लच्छीराम)	संपा० डॉ० योगेन्द्रप्रताप सिंह	२०.००
* ३. गोरखबानी (गोरखनाथ)	संपा० डॉ० पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल	अप्राप्य
४. डंगवै कथा तथा चक्रव्यूह कथा (भीम कवि)	संपा० डॉ० शिवगोपाल मिश्र	अप्राप्य
५. दूषणोल्लास (गोविन्ददास)	संपा० श्री बेनीबहादुर सिंह	१६.००
६. देव शब्द रसायन (महाकवि देवदत्त)	संपा० श्री जानकीनाथ सिंह 'मनोज'	२०.००
७. नवरसरंग (लोकमणि मिश्र)	संपा० श्री हरिमोहन मालवीय	१०.००
८. प्रागन कृत भँवरगीत (प्रागन कवि)	संपा० श्री हरिमोहन मालवीय	२०.००
९. बालचंद बत्तीसी (मुनि बालचंद)	संपा० श्री हरिमोहन मालवीय	२०.००
१०. माधवानल नाटक (राजकवि केस)	संपा० डॉ० सत्येन्द्रजी वर्मा	२०.००
११. रतन हजारा (महाराज पृथ्वी-सिंह 'रसनिधि')	संपा० श्री हरिमोहन मालवीय	२०.००
१२. विद्वन्मोद तरंगिणी (संकलन-कर्त्ता श्री सुब्बासिंह 'श्रीधर')	संपा० डॉ० किशोरीलाल	१००.००
१३. जोरावर प्रकास	संपा० डॉ० योगेन्द्रप्रताप सिंह	१००.००
१४. बिहारी सतसई : अनवर चन्द्रिका टीका	संपा० श्री हरिमोहन मालवीय	७५.००
*१५. कबीर और कबीरपंथ	संपा० डॉ० केदारनाथ द्विवेदी	१००.००
*१६. अनुराग-बाँसुरी	संपा० आचार्य रामचन्द्र शुक्ल श्री चन्द्रबली पाण्डेय	३०.००
*१७. भारतीय भाषा साहित्य	संपा० श्री विभूति मिश्र	१२०.००
*१८. लोमश संहिता	संपा० डॉ० गिरिजाशंकर शास्त्री	अप्राप्य
१९. कृष्ण चन्द्रिका (वीर कविकृत)	संपा० डॉ० योगेन्द्रप्रताप सिंह	१६.००

प्राचीन काव्य-संग्रह

१. काव्य-संग्रह–प्रथम भाग	संपा० श्री करुणापति त्रिपाठी	२०.००
२. तुलसी सुषमा	संपा० डॉ० रामप्रकाश अग्रवाल	अप्राप्य
